न्यायालय जिला कलेक्टर,टोंक

(चिन्मयी गोपाल,आई0ए0एस0द्वारा अध्यासित)

प्रकरण सख्या 83 / 2018
प्रविष्टि दिनाक 15.11.2018

सुखदेव पुत्र भागीरथ जाति रेगर निवासी नानेर तहसील पीपलू जिला टोक राज0
–अपीलांट

बनाम

तहसीलदार पीपलू जिला–टोक
–रेस्पोडेण्ट

अपील अन्तर्गत धारा 75 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 विरूद्व निर्णय तहसीलदार पीपलू दिनांक 30.05.2018 मिसल नम्बर 1375 / 2018

उपस्थिति : (1) श्री विवके चौधरी,अभिभाषक अपीलान्ट
(2) श्री मजहर आलम,,राजकीय अभिभाषक रेस्पोडेण्ट

निर्णय **दिनांक 01.08.2022**

अपील का संक्षिप्त में सार इस प्रकार है कि अधीनस्थ न्यायालय तहसीलदार पीपलू ने अपने निर्णय दिनांक 30.05.2018 के द्वारा अपीलांट को राजकीय भूमि खसरा नम्बर 625 रकवा 11 बिस्वा किस्म गै0मु0 रास्ता वाके ग्राम नानेर तहसील पीपलू मे राजकीय भूमि पर मकान व बाडा बनाकर अतिकमण करने के कारण अतिकमी मानते हुए भूमि से बेदखल करने, 4 / रू. पेनल्टी कायम की गई है। अपीलांट ने तहसीलदार पीपलू के उक्त आदेश से व्यथित होकर आदेश को खिलाफ कानून बताते हुए निरस्त किये जाने का निवेदन किया है।

प्रकरण प्रस्तुत होने पर दर्ज रजिस्टर किया गया एंव तलबी रेस्पोडेण्ट जरिए सम्मन की जाकर अधीनस्थ न्यायालय की पत्रावली तलब की गई। प्रकरण में अभिभाषक अपीलान्ट एंव राजकीय अभिभाषक की बहस सुनी गई।

विद्वान अभिभाषक अपीलान्ट ने अपील में अंकित तथ्यों को दौहराते हुए निवेदन किया कि अपीलांट ने दिनांक 30.05.2018 को अधीनस्थ न्यायालय मे उपस्थित होकर अपना जवाब प्रस्तुत करने पर अपीलांट को साक्ष्य–सबूत पेश करने हेतु आगामी तारीख पेशी दिनाक 07.06.2018 नियत की गई थी। दिनाक 07.06.2018 को अपीलाट अधीनस्थ न्यायालय के समक्ष उपस्थित [illegible] अधिकारी (तहसीलदार)जी को टोंक जाना बता कर रीडर साहब द्वारा पत्रावली [illegible] तारीख पेशी दिये जाने एव तारीख पेशी की सूचना दिये जाने [illegible] अधीनस्थ न्यायालय ने ना तो तारीख पेशी की सूचना दी [illegible] ही पत्रावली [illegible] आगामी तारीख पेशी नियय की है। अधीनस्थ न्यायालय द्वारा [illegible] अपीलाधीन नि[illegible]रित किया है,जो प्राकृतिक न्याय के सि[illegible] के साथ–साथ अपने [illegible]र क्षेत्र का दुरूपयोग भी है। पटवारी हल्का की रिपोर्ट गल[illegible] है। अपीलांट का गै0मु0 रस्ते की भूमि पर कोई अतिकमण नही है। अपीलांट का जिस स्थान पर मकान व बाडा बना हुआ है

Signature Not Verified
Digitally signed by Chinmayee Gopal
Date: 2023.02.04 16:32:01 IST
Reason: SelfAttested

न्यायालय जिला कलेक्टर टोंक (राजस्थान)
सत्यमेव जयते

जिला कलेक्टर
टोंक

वह भूमि अपीलाट ने जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 20.06.1997 को लादू पुत्र नानगा रेगर से खरीद कर कब्जा प्राप्त किया है और उस भूमि पर ही अपीलाट ने अपना रिहायशी पक्का मकान बना रखा है। मकान मे बिजली का कनेक्शन भी है और ग्राम पंचायत द्वारा भी अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी कर रखा है। वर्तमान नक्शा शीट मे जिस स्थान पर गै0मु0 रास्ता आ0ख0नं0 625 मे दर्शा रखा है वहां मौके पर गत 40 वर्षो से कोई रास्ता नही है। अधीनस्थ न्यायालय ने निर्णय पारित करने से पूर्व वास्तविक स्थिति की रिपोर्ट नहीं मंगवाई और ना ही मौके का निरीक्षण किया गया। अतः अपील अपीलाट स्वीकार कर अधीनस्थ न्यायालय का निर्णय निरस्त किया जावे।

अपीलान्ट के अभिभाषक की बहस का जवाब देते हुए राजकीय अभिभाषक ने कथन किया कि अपीलान्ट को विवादित भूमि खसरा नम्बर 625 रकबा 11 बिस्वा किस्म गै0मु0रास्ता वाके ग्राम नानेर तहसील पीपलू मे राजकीय भूमि पर अतिक्रमण कर मकान व बाडा बनाने पर तहसीलदार पीपलू द्वारा भूमि से बेदखल कर,पेनल्टी कायम करने का आदेश पारित किया गया है,परन्तु अधीनस्थ न्यायालय कि पत्रावली के अवलोकन से जाहिर होता है कि अपीलाट को साक्ष्य—सबूत पेश करने हेतु अधीनस्थ न्यायालय ने तारीख पेशी दिनांक 07.06.2018 नियत कर पत्रावली का निर्णय दिनांक 30.05.2018 को किया है जो प्राकृतिक न्याय के सिद्वान्त के विपरित है। अतः प्रकरण को पुनः विधिवत तरीके से सुनवाई करने हेतु अधीनस्थ न्यायालय को रिमाण्ड किया जाना न्यायोचित है।

विद्वान अभिभाषक अपीलान्ट एव राजकीय अभिभाषक की बहस पर मनन किया एव अधीनस्थ न्यायालय की अपीलाधीन पत्रावली का ध्यानपूर्वक अध्ययन किया। अधीनस्थ न्यायालय की पत्रावली का अध्ययन करने से विदित होता है कि अपीलान्ट को अधीनस्थ न्यायालय द्वारा नोटिस देकर सुनवाई का अवसर दिया गया है। नोटिस पर अपीलाट की ओर से भाई की तामील हुई है। अपीलान्ट अधीनस्थ न्यायालय मे उपस्थित हुये है। अपीलान्ट द्वारा भूमि खसरा नम्बर 625 रकबा 11 बिस्वा किस्म गै0मु0 रास्ता वाके ग्राम नानेर तहसील पीपलू पर अतिक्रमण कर मकान व बाडा बनाकर अतिक्रमण किया है,जो पटवारी हल्का की रिपोर्ट से सिद्ध है।

अभिभाषक अपीलाट का कथन है कि अपीलाट को साक्ष्य—सबूत पेश करने हेतु आगामी तारीख पेशी दिनांक 07.06.2018 नियत करने के उपरान्त अधीनस्थ न्यायालय द्वारा दिनांक 30.05.2018 को ही अपीलाधीन निर्णय पारित किया है,जो प्राकृतिक न्याय के सिद्वान्तो के विपरित है। अभिभाषक अपीलांट के कथन पर राजकीय अभिभाषक ने भी सहमति प्रदान की है। उपरोक्त विवेचन से तहसीलदार पीपलू द्वारा पारित निर्णय को निरस्त कर प्रकरण रिमाण्ड किया जाना उचित प्रतीत होता है।

फलतः अपील अपीलान्ट आंशिक स्वीकार की जाकर अधीनस्थ न्यायालय का निर्णय दिनांक 30.05.2018 अ[illegible] किया जा[illegible] तहसीलदार पीपलू को प्रकरण इस निर्देश के साथ प्रति प्रेषित (Remand) कि[illegible] जा[illegible] है कि समस्त रिकार्ड व मौके की जांच कर तथा अपीलान्ट को [illegible] कर पुन विधिवत निर्णय पारित करें। प्रार्थना पत्र स्थगन [illegible] ज किया जा[illegible] है।

निर्णय आज दिनांक 01.0[illegible] 2022 [illegible] सुनाया गया।

Signature Not Verified
Digitally signed by Chinmayee Gopal
Date: 2023.02.04 16:32:01 IST
Reason: SelfAttested

न्यायालय जिला कलेक्टर टोंक (राजस्थान)
सत्यमेव जयते

चिन्मयी
(चिन्मयी गोपाल)
जिला कलेक्टर टोंक